राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 3(7)2022 / कार्मिक / प्रमुवसं / शीघ्र लिपिक / दिनांक :

कार्यालय आदेश

शासन उप सचिव प्रशासनिक सुधार (अनु.–3) विभाग जयपुर के माध्यम से राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड जयपुर के द्वारा शीघ्र लिपिक संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2018 में प्रतीक्षा सूची से चयनित होने पर कुल 06 अभ्यर्थियों को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर में आवंटन किया जाकर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। पूर्व में 06 अभ्यर्थियों में से चार अभ्यर्थियों को शीघ्र लिपिक के पद नियुक्ति दी जा चुकी है।

अतः शेष दो अभ्यर्थियों (अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति महिला) के दस्तावेज परीक्षण / पात्रता की जांच दिनांक 12.05.2023 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक करने हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर में निम्नानुसार एक पात्रता जांच समिति का गठन किया जाता है :–

क्र.सं.	नाम अधिकारी / कर्मचारी मय पद
1	श्री रामावतार दूदवाल, उप वन संरक्षक, (प्रशासन) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (ट्री) राजस्थान जयपुर
2	श्री अशोक कुमार जैन, वरिष्ठ निजी सचिव कार्यालय प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक राजस्थान जयपुर
3	श्री अभय दाधीच, कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा।

समिति निम्न सारणी अनुसार शैक्षणिक दस्तावेज तथा अन्य आवश्यक शपथ–पत्रादि की जांच कर दो स्वप्रमाणित प्रति प्राप्त करेगी :–

क्र.सं.	आवश्यक प्रमाण–पत्र / शपथ पत्र
1	सैकण्ड्री की अंक तालिका एवं प्रमाण–पत्र
2	सीनियर सैकण्ड्री की अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र
3	स्नातक की अंक तालिका एवं उपाधि प्रमाण पत्र
4	अधि स्नातक की अंक तालिका एवं उपाधि प्रमाण पत्र
5	अन्य योग्यता यदि कोई हो तो
6	कम्प्यूटर योग्यता प्रमाण–पत्र (RSCIT)
7	आयु व अन्य किसी छूट (जैसे अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग आदि) के संबंध में आवश्यक प्रमाण–पत्र
8	अंतिम शैक्षणिक संस्थान का चरित्र प्रमाण–पत्र
9	दो राजपत्रित अधिकारियों से प्राप्त चरित्र प्रमाण–पत्र (6 माह से पूर्व की तिथि का ना हो) शिक्षण संस्थान के अधिकारी के मान्य नही
10	विवाह शपथ–पत्र (प्रमाण पत्र हो तो सत्यापित प्रति)
11	दिनांक 01.06.2002 के पश्चात दो से अधिक संतान होने या ना होने का शपथ पत्र
12	दहेज ना लेने का शपथ पत्र
13	पत्र व्यवहार का पूर्ण पता
14	मूल निवास प्रमाण पत्र
15	पते का प्रमाण पत्र यथा– बिजली, पानी, टेलीफोन के बिल, आधारकार्ड, वाहन लाईसेंस

Signature valid

Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.05.09 1?:23:37 IST
Reason: Approved

16	स्वास्थ्य की जांच प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी स्तर से करवाई जाकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर होने आवश्यक है)
17	अपने आचरण का पुलिस सत्यापन संबंधी प्रमाण–पत्र जो कि पुलिस अधीक्षक स्तर से जारी किया गया हो/पुलिस सत्यापन हेतु शपथ–पत्र
18	राजकीय सेवा में होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र
19	धुम्रपान ना करने संबंधी शपथ–पत्र
20	नियत वेतन पर कार्य करने की सहमति

नोट :– 1 उक्त संबंधित शपथ–पत्र 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्राप्त किए जायेगे।
2 मूल निवास/जाति प्रमाण–पत्र/EWS प्रमाण–पत्र निर्धारित समय सीमा में जारी किया गया हो।

(डॉ. दीप नारायण पाण्डेय)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपि :– प.3(7)2022/कार्मिक/प्रमुवसं/श्री.लि./1273-78 दिनांक: 10-05-23

1. उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।
2. श्री रामावतार दूदवाल, उप वन संरक्षक, (प्रशासन) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (ट्री) राजस्थान जयपुर।
3. श्री अशोक कुमार जैन, वरिष्ठ निजी सचिव कार्यालय प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक राजस्थान जयपुर।
4. श्रीमती सविता कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि निर्धारित दिनांक को समस्त उपलब्ध रिकार्ड/दस्तावेज समिति को उपलब्ध करावे।
5. श्री अभय दाधीच, कनिष्ठ सहायक कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.05.09 1:23:37 IST
Reason: Approved